## एक नजर.......

### पीरियड ड्रामा में रणवीर सिंह को कास्ट करेंगे करण जौहर?



प्रड्यूसर करण जौहर ने अपनी आने वाली फिल्म सिम्बा में ऐक्टर रणवीर सिंह को कास्ट किया है। इस फिल्म में ऐक्ट्रेस के रूप में सारा अली खान नजर आएंगी जो अपना बॉलिवुड डेब्यू करने जा रही हैं। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अब रिपोर्ट्स की मानें तो करण और रणवीर एक और फिल्म के लिए एकसाथ आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि करण जौहर के पीरियड ड्रामा में रणवीर को कास्ट किया जा सकता है। फिल्म में वह लीड रोल में होंगे।

करण पीरियड फिल्म बनाने के बारे में सोच रहे हैं और इस तरह की फिल्मों में वह रणवीर की परफॉर्मेंस को देखकर काफी प्रभावित हैं। कहा जा रहा है कि दोनों के बीच इस प्रॉजेक्ट को लेकर बातचीत हुई है और जल्द ही इस पर कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट हो सकता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर सिम्बा के अलावा जोया अख्तर की गली बॉय और कपिल देव की बायॉपिक 83 में नजर आएंगे।

### ऑफ स्क्रीन इंटीमेट सीन्स न करने पर गवाई कई फिल्में:मल्लिका शेरावत

बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने हाल ही में कुछ ऐसी बातों का खुलासा किया है जो फिल्म जगत की चकाचौंध से दूर एक अलग तस्वीर बयां करती है। मल्लिका के मुताबिक



उनके द्वारा फिल्मों में कामुक दृश्य फिल्माए जाने कारण कीमत चुकानी पड़ी है जिसका कारण यह है कि डायरेक्टर और को-स्टार सोचते हैं कि वह आसानी से कोम्प्रोमाईज़ कर लेंगी। गौर हो कि मल्लिका साल 2004 में फिल्म मर्डर से लाइमलाइट में आई थी। मल्लिका ने कहा कि यह छवि लोगों के लिए उनके चरित्र पर निर्णय लेने का मुद्दा बन गई है। एक इंटरव्यू में मल्लिका ने कहा कि मुझ पर बहुत से आरोप और लोगों की राय है। अगर आप शॉर्ट स्कर्ट पहनती हैं और स्क्रीन पर किस करने जैसे सीन्स करती हैं तो आप एक ऐसी महिला हैं जिसमें कोई नैतिकता नहीं है। यह मेरे साथ भी हुआ।

# सिम्बा के लिए लड़का आंख मारे को रीक्रिएट करेंगे रणवीर और सारा

रणवीर सिंह और सारा अली खान इन दिनों डायरेक्टर रोहित शेट्टी की फिल्म सिम्बा की हैदराबाद में शूटिंग कर रहे हैं। अब दोनों स्टार्स दर्शकों को 90 के दशक का फील देने के लिए तैयार हैं।



दरअसल, दोनों 1996 में आई फिल्म तेरे मेरे सपने के हिट गाने लड़का आंख मारे को रीक्रिएट करने जा रहे हैं। यह ऑरिजनल सॉन्ग अरशद वारसी और सिमरन पर फिल्माया गया था। इस गाने को कुमार सानू और कविता कृष्णामूर्ति ने अपनी आवाज दी थी।

एक सूत्र ने बताया, इस गाने को तनिष्क बागची रीक्रिएट कर रहे हैं। वह इस गाने पर पिछले कुछ महीनों से काम कर रहे हैं। गाने में नई बीट्स हैं और रोहित के अनुसार, इसमें फन एलिमेंट का ध्यान रखा गया है।

सूत्र के मुताबिक, सिम्बा में रणवीर और सारा के कैरक्टर्स एक-दूसरे को चिढ़ाते और फ्लर्ट करते नजर आएंगे। चर्चा है कि गणेश आचार्य को गाने को कोरियोग्राफ करने के लिए अप्रोच किया गया है। इसके अलावा रोहित ने तनिष्क को भी फिल्म के टाइटल ट्रैक को भी कंपोज करने की जिम्मेदारी दी है।

बता दें, तेरे मेरे सपने में चंद्रचूड़ सिंह और प्रिया गिल लीड रोल में थे। फिल्म का गाना लड़का आंख मारे 90 के दशक में खूब पॉप्युलर हुआ था।

## जूही और अनिल की जोड़ी फिर मचायेगी धमाल



बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अभिनेत्री जूही चावला एक बार फिर साथ काम करते नजर आएंगे।

अनिल कपूर और जूही चावला की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया है। दोनों ने साथ में दीवाना-मस्ताना, लोफर, बेनाम बादशाह और कारोबार जैसी फिल्मों में काम किया है। यह दोनों सितारे इस बार फिल्म 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' में साथ नजर आएंगे। यह फिल्म अनिल कपूर के लिए काफी खास है, क्योंकि इसमें वह पहली बार बेटी सोनम कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। फिल्म का नाम उनकी सुपरहिट फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' के सुपरहिट गाने 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' पर रखा गया है। फिल्म में इस गाने का भी नया वर्ज़न दर्शकों को सुनने को मिलेगा।

फिल्म में लोगों को अनिल कपूर और जूही चावला के बीच रोमांस देखने को मिल सकता है।

## जैकलीन इस हॉरर फिल्म से करने जा रहीं हॉलिवुड में डेब्यू



हाल ही में ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी हॉलिवुड डेब्यू फिल्म डेफिनिशन ऑफ फियर के बारे में चर्चा की है। उन्होंने बताया कि इसकी रिलीज को लेकर वह काफी रोमांच व गर्व महसूस कर रही हैं। इस हॉरर फिल्म को जेम्स सिम्पसन ने किया है, जिनका दावा है कि इस साइकॉलजिकल हॉरर फिल्म की कहानी दर्शकों की नींद उड़ा देगी। इसके साथ ही उनका कहना है कि फिल्म में जैकलीन ने बेहतरीन काम किया है और वह फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## भारत से प्रियंका करेंगी दमदार वापसी, कुछ ऐसा हो सकता है उनका रोल

ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों हॉलिवुड सिंगर-ऐक्टर निक जोनस से अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह निक और परिवार के संग गोवा से छुट्टियां मनाकर लौटी हैं। अगर उनकी अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वह सुपरस्टार सलमान खान के साथ फिल्म भारत से बॉलिवुड में दमदार वापसी की तैयारी कर रही हैं। जिसके जरिए काफी लंबे समय के बाद सलमान के साथ किसी फिल्म में प्रियंका रोमांस करती नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में दिशा पाटनी और कटरीना कैफ ने भी अहम रोल निभाया है।मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म सलमान के लिए भी काफी खास है। इसमें उनके पांच अलग अवतार नजर आनेवाले हैं। इसके साथ ही अब सुनने में आ रहा है कि इस पीरियड फिल्म में प्रियंका भी पांच अलग-अलग रोल अदा करती नजर आएंगी।



दरअसल इस फिल्म के डायरेक्टर अली अब्बास जफर, इसमें सलमान और प्रियंका के किरदारों को 25 से 65 साल तक की उम्र का सफर दिखा सकते हैं। इन सारे लुक्स को स्पेशल इफेक्ट्स के जरिए फिल्माया जाएगा। इस फिल्म को सलमान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री ने प्रड्यूस किया है। जिसकी अगले महीने 17 जुलाई तक फ्लोर पर आने की उम्मीद है। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के लिए पहले एक फेस्टिव सॉन्ग शूट किया जाएगा। बताया जा रहा है कि सलमान की इस मेगाबजट फिल्म में दर्शकों को देश का 70 सालों का इतिहास दिखाया जाएगा।

## अब इस टीवी शो से छोटे पर्दे पर शुरुआत करेंगी हुमा कुरैशी



अभिनेत्री हुमा कुरैशी रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज से छोटे पर्दे पर आगाज करने के लिए तैयार हैं। हुमा का कहना है कि टेलीविजन एक रोमांचक मंच है. एक प्यारे से शो के साथ टीवी पर आगाज करने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं, जिसका हिस्सा भारत के सबसे प्यारे और सबसे ड्रामेबाज बच्चे हैं. हाल ही में हुमा को रजनीकांत की फिल्म काला में देखा गया. इस फिल्म की रिलीज़ को लेकर कई विवाद सामने आए लेकिन फिल्म उन सभी विवादों के बीच न सिर्फ रिलीज़ हुई बल्कि बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर भी साबित हुई. गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से हुमा ने दर्शकों का दिल जीत लिया. वहीं गुरिंदर चड्ढा की फिल्म पार्टिशन-1947 में भी उनके अभिनय को काफी सराहा गया.




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931